I.G.N.O.U. Based

# NEERAJ®

# E.P.S.-3

## आधुनिक भारतीय राजनीतिक चिन्तन

## (Modern Indian Political Thought)

By: A Panel of Educationists

**Question Bank Cum Chapterwise Reference Book**
**Including Many Solved Question Papers**

NEERAJ PUBLICATIONS
(Publishers of Educational Books)
( An ISO 9001 : 2008 Certified Company )

Sales Office:
1507, Ist Floor, Nai Sarak, Delhi - 6
Ph.: 011-23260329, 45704411, 23244362, 23285501
E-mail: info@neerajignoubooks.com
Website: www.neerajignoubooks.com

MRP ₹ 160/-

**Published by:**

**NEERAJ PUBLICATIONS**

*Sales Office* : **1507, 1st Floor, Nai Sarak, Delhi-110 006**

*E-mail*: **info@neerajignoubooks.com**

*Website*: **www.neerajignoubooks.com**

***Reprint Edition with Updation of Sample Question Paper Only*** | Typesetting by: *Competent Computers* | Printed at: *Novelty Printer*

***Notes:***

1. *For the best & upto-date study & results, please prefer the recommended textbooks/study material only.*
2. *This book is just a Guide Book/Reference Book published by NEERAJ PUBLICATIONS based on the suggested syllabus by a particular Board /University.*
3. *The information and data etc. given in this Book are from the best of the data arranged by the Author, but for the complete and upto-date information and data etc. see the Govt. of India Publications/textbooks recommended by the Board/University.*
4. *Publisher is not responsible for any omission or error though every care has been taken while preparing, printing, composing and proof reading of the Book. As all the Composing, Printing, Publishing and Proof Reading etc. are done by Human only and chances of Human Error could not be denied. If any reader is not satisfied, then he is requested not to buy this book.*
5. *In case of any dispute whatsoever the maximum anybody can claim against NEERAJ PUBLICATIONS is just for the price of the Book.*
6. *If anyone finds any mistake or error in this Book, he is requested to inform the Publisher, so that the same could be rectified and he would be provided the rectified Book free of cost.*
7. *The number of questions in NEERAJ study materials are indicative of general scope and design of the question paper.*
8. *Question Paper and their answers given in this Book provide you just the approximate pattern of the actual paper and is prepared based on the memory only. However, the actual Question Paper might somewhat vary in its contents, distribution of marks and their level of difficulty.*
9. *Any type of ONLINE Sale/Resale of "NEERAJ BOOKS/NEERAJ IGNOU BOOKS" published by "NEERAJ PUBLICATIONS" on Websites, Web Portals, Online Shopping Sites, like Amazon, Flipkart, Ebay, Snapdeal, etc. is strictly not permitted without prior written permission from NEERAJ PUBLICATIONS. Any such online sale activity by an Individual, Company, Dealer, Bookseller, Book Trader or Distributor will be termed as ILLEGAL SALE of NEERAJ IGNOU BOOKS/NEERAJ BOOKS and will invite legal action against the offenders.*
10. *Subject to Delhi Jurisdiction only.*

**© Reserved with the Publishers only.**

***Spl. Note:*** *This book or part thereof cannot be translated or reproduced in any form (except for review or criticism) without the written permission of the publishers.*

## *How to get Books by Post (V.P.P.)?*

*If you want to Buy NEERAJ IGNOU BOOKS by Post (V.P.P.), then please order your complete requirement at our Website* ***www.neerajignoubooks.com****. You may also avail the 'Special Discount Offers' prevailing at that Particular Time ( Time of Your Order).*

*To have a look at the Details of the Course, Name of the Books, Printed Price & the Cover Pages (Titles) of our NEERAJ IGNOU BOOKS You may Visit/Surf our website* ***www.neerajignoubooks.com.***

*No Need To Pay In Advance, the Books Shall be Sent to you Through V.P.P. Post Parcel. All The Payment including the Price of the Books & the Postal Charges etc. are to be Paid to the Postman or to your Post Office at the time when You take the Delivery of the Books & they shall Pass the Value of the Goods to us by Charging some extra M.O. Charges.*

*We usually dispatch the books nearly within 4-5 days after we receive your order and it takes Nearly 5 days in the postal service to reach your Destination (In total it take atleast 10 days).*

**NEERAJ PUBLICATIONS**

*(Publishers of Educational Books)*

( An ISO 9001 : 2008 Certified Company )

***1507, 1st Floor, NAI SARAK, DELHI - 110006***

***Ph. 011-23260329, 45704411, 23244362, 23285501***

*E-mail:* **info@neerajignoubooks.com** *Website:* **www.neerajignoubooks.com**

# CONTENTS

# आधुनिक भारतीय राजनीतिक चिन्तन
## ( Modern Indian Political Thought )

***Question Bank – (Previous Year Solved Question Papers)***


| | |
|---|---|
| *Question Paper—December, 2018 (Solved)* | 1-4 |
| *Question Paper—June, 2018 (Solved)* | 1-2 |
| *Question Paper—December, 2017 (Solved)* | 1-5 |
| *Question Paper—June, 2017 (Solved)* | 1-4 |
| *Question Paper—December, 2016 (Solved)* | 1-5 |
| *Question Paper—June, 2016 (Solved)* | 1-2 |
| *Question Paper—December, 2015 (Solved)* | 1-3 |
| *Question Paper—June, 2015 (Solved)* | 1-2 |
| *Question Paper—June, 2014 (Solved)* | 1-5 |
| *Question Paper—June, 2013 (Solved)* | 1-2 |
| *Question Paper—June, 2012 (Solved)* | 1-3 |
| *Question Paper—June, 2011 (Solved)* | 1-2 |
| *Sample Question Paper—1 (Solved)* | 1-8 |
| *Sample Question Paper—2 (Solved)* | 1-7 |


*S.No.* ***Chapterwise Reference Book*** *Page*


**सामाजिक व राजनीतिक विचारधारा की पृष्ठभूमि**
**( Background of Social and Political Thought )**

1. अर्थव्यवस्था और शासन-व्यवस्था में औपनिवेशिक हस्तक्षेप ..................................... 1
(Colonial Intervention in Society, Economy and Polity)

2. आधुनिक भारतीय राजनीतिक चिंतन : विषय एवं दृष्टिकोण ................................... 5
(Modern Indian Political Thought: Issues and Approaches)

| *S.No.* | *Chapter* | *Page* |
|---|---|---|
| | **भारत : 19वीं शताब्दी में सामाजिक-राजनीतिक सुधार (India: Socio-Political Reforms in the 19th Century)** | |
| 3. | परिचय (Introduction) | 9 |
| 4. | राजा राममोहन राय (Raja Rammohan Roy) | 11 |
| 5. | एम.जी. रानाडे (M.G. Ranade) | 13 |
| 6. | गोपाल कृष्ण गोखले (Gopal Krishna Gokhale) | 15 |
| | **उग्र राष्ट्रवाद (Militant Nationalism)** | |
| 7. | परिचय (Introduction) | 17 |
| 8. | बाल गंगाधर तिलक (B.G. Tilak) | 20 |
| 9. | श्री अरबिंदो (Shri Aurbindo) | 24 |
| 10. | भगत सिंह (Bhagat Sing) | 28 |
| | **उपनिवेशवाद, जाति व्यवस्था और आदिवासी आंदोलन (Colonialism, Caste Order and Tribal Societies)** | |
| 11. | परिचय (Introduction) | 31 |
| 12. | ज्योतिबा फुले (Jotiba Phule) | 33 |
| 13. | ई.वी. रामास्वामी नायकर (E.V. Ramaswamy Naiker) | 35 |
| 14. | डॉ.बी.आर. अम्बेडकर (Dr. B.R. Ambedkar) | 37 |
| 15. | उपनिवेशवाद-विरोधी आदिवासी आंदोलन (Anti-Colonial Tribal Movements) | 39 |
| | **आधुनिक भारत में धर्म व राजनीति : पृष्ठभूमि (Politics and Religion in Modern India: The Interface)** | |
| 16. | परिचय (Introduction) | 41 |
| 17. | स्वामी दयानन्दन सरस्वती, स्वामी विवेकानन्द तथा वी.डी. सावरकर (Swami Dayanand Saraswati, Swami Vivekanand and V.D. Savarkar) | 43 |
| 18. | सर सैयद अहमद खां, मोहममद इकबाल, एम.ए. जिन्ना तथा अबुल कलाम आजाद. (Sir Syed Ahmed Khan Mohammad Iqbal, M. A. Jinnah and Abdul Kalam Azad) | 46 |

| S.No. | Chapter | Page |
|---|---|---|
| | **गाँधीवाद : उद्‍भव व स्वरूप (Gandhism : Evolution and Character)** | |
| 19. | स्वराज की अवधारणा, सत्याग्रह और पश्चिमी सभ्यता की आलोचना (Concept of Sawaraj, Satyagraha and Critique of Western Culture) | 49 |
| 20. | सर्वोदय और गाँधीवादी विकल्प (Sarvodya and the Gandhian Alternative) | 51 |
| 21. | गाँधीवादी सामाजिक सुधार (भूदन आंदोलन (Gandhian Social Revolution : Bhoodan Movement) | 52 |
| | **राष्ट्रवाद और सामाजिक क्रांति-I (समाजवाद) (Nationalism and Social Revolution-I Socialism)** | |
| 22. | परिचय (Introduction) | 49 |
| 23. | जवाहरलाल नेहरू (Jawaharlal Nehru) | 53 |
| 24. | सुभाष चन्द्र बोस (Subhash Chandra Bose) | 57 |
| 25. | जय प्रकाश नारायण और नरेन्द्र देव का राजनीतिक चिन्तन (J.P. Narain and Political Thoughts of Narendra Dev) | 59 |
| 26. | राम मनोहर लोहिया (Ram Manohar Lohia) | 61 |
| | **राष्ट्रवाद और सामाजिक क्रांति क्रांति-II (साम्यवादी) (Nationalism and Social Revolution-II Communists)** | |
| 27. | परिचय (Introduction) | 63 |
| 28. | साम्यवादी और राष्ट्रीय आंदोलन (Communist and the National Movement) | 66 |
| 29. | एम.एन.रॉय : मार्क्सवादी चिन्तन (M.N. Roy: Marxist Thought) | 70 |
| 30. | भारत में समकालीन मार्क्सवादी चिंतन (Contemporary Marxist Thought in India) | 73 |
| 31. | राष्ट्रवाद और सामाजिक क्रांति : एक अवलोकन (Nationalism and Social Revolution : An Overview) | 75 |

# Sample Preview of the Solved Sample Question Papers

*Published by:*

NEERAJ PUBLICATIONS
www.neerajbooks.com

# QUESTION PAPER
## (December – 2018)

*(Solved)*

## आधुनिक भारतीय राजनीतिक चिन्तन

*समय : 3 घण्टे ]* *[ अधिकतम अंक : 100*

*नोट : (i)* ***खण्ड–I****–किन्हीं* ***दो*** *प्रश्नों के उत्तर दीजिये।*
*(ii)* ***खण्ड II****–किन्हीं* ***चार*** *प्रश्नों के उत्तर दीजिये।*
*(iii)* ***खण्ड III****–प्रश्न संख्या 13 के किन्हीं* ***दो*** *भागों के उत्तर दीजिये।*

### भाग–I

**निम्नलिखित में से किन्हीं दो प्रश्नों के उत्तर दीजिए।**

**प्रश्न 1. भारत के सामाजिक व सांस्कृतिक क्षेत्रों पर औपनिवेशिक हस्तक्षेप के प्रभाव की चर्चा कीजिए।**

**उत्तर–संदर्भ**–देखें अध्याय-1, पृष्ठ 3, प्रश्न 3 और 4

**प्रश्न 2. गोपाल कृष्ण गोखले द्वारा दी गई राज्य की भूमिका क्या थी? विस्तृत व्याख्या कीजिए।**

**उत्तर–संदर्भ**–देखें अध्याय-6, पृष्ठ 15, प्रश्न 2

**प्रश्न 3. भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस पर आतंकवादी राष्ट्रवाद के प्रभाव तथा समकालीन राजनीति पर इसके महत्त्व का विश्लेषण कीजिए।**

**उत्तर–संदर्भ**–देखें अध्याय-7, पृष्ठ 18, प्रश्न 4, अध्याय-2, पृष्ठ 7, प्रश्न 2, सैम्पल प्रश्न पत्र-2, प्रश्न 10 *(ii)*

**प्रश्न 4. राजा राम मोहन रॉय के राजनीतिक उदारवाद की चर्चा कीजिए।**

**उत्तर**–राय जीवन के सभी क्षेत्रों में उदारवादी सिद्धांतों की वकालत करते थे। धर्म के मामले में राय सहिष्णुता, समस्याओं के गैर-संप्रदायवादी समाधान और धर्म निरपेक्षता के कायल थे। वह व्यक्ति की इस स्वतंत्रता की कद्र करते थे जिसके रहते वह अपने विवेक की बात माने और पुरोहित वर्ग के आदेशों को न मानने की हिम्मत भी रखें। राजनीति के मामले में, राय विधान की अवैयक्तिक सत्ता के समर्थक थे और सत्ता के किसी भी मनमाने इस्तेमाल की खिलाफत करते थे। उनका विश्वास था कि संवैधानिक सरकार का होना मानवीय स्वतंत्रता की सबसे अच्छी गारंटी है। यह अधिकार की रक्षा करने के लिये आवश्यक संवैधानिक साधनों के इस्तेमाल पर जोर देते थे, क्योंकि उनके लिये, इस तरह के सुधार कहीं अधिक स्थायी और गहन थे।

आर्थिक क्षेत्र में उदारवादी सिद्धांतों के अनुरूप, राय जायदाद के अधिकार की पवित्रता में विश्वास रखते थे। इसी तरह, उनका विश्वास था कि एक मजबूत मध्यम वर्ग सामाजिक-राजनीतिक गतिविधियों में एक अहम भूमिका निभा सकता था। वह जमींदारों के शोषण के शिकार गरीब किसानों की मुक्ति के हिमायती थे। वह चाहते थे कि सरकार जमींदारों से अपनी मांगों में कटौती करें। वह रैयतवाड़ी प्रथा और भारतीय सभ्यता के देहाती आधार को बनाये रखना चाहते थे, और आधुनिक वैज्ञानिक उद्योग की स्थापना करना चाहते थे, लेकिन वह एक अहम मामले में दूसरे पश्चिमी उदारवादी चिंताओं से भिन्न थे अर्थात् राज्य की भूमिका और राज्य की गतिविधियों के क्षेत्र में उनकी परिकल्पना में सामाजिक सुधार और जमींदारों से जोतदारों के अधिकारों की रक्षा करने के मामलों में पहल करने में राज्य से एक सकारात्मक भूमिका अदा करने की अपेक्षा की जानी चाहिए।

राय की संपूर्ण धार्मिक, सामाजिक, राजनीतिक सोच स्वतंत्रता की धुरी पर घूमती थी। मूर्ति पूजा की खिलाफत, सती प्रथा के खिलाफ उनका आंदोलन आधुनिक पश्चिमी शिक्षा की उनकी मांग और समाचार पत्रों की स्वतंत्रता पर उनका जोर, महिलाओं के अधिकारों पर उनका जोर, और "अधिकारों के अलगाव की रउनकी मांग, सभी स्वतंत्रता के प्रति उनके गहन प्रेम की अभिव्यक्ति थे। उनके लिये स्वतंत्रता मनुष्य समाज की अमूल्य निधि थी। भारत को राजनीतिक आजादी का संदेश देने वाले वह सबसे पहले व्यक्ति थे। यह मानते हुए भी कि अंग्रेजी राज से भारत को सकारात्मक लाभ मिलेंगे, राय ने भारत में अंतहीन विदेशी राज की कभी हिमायत नहीं की। वह ब्रितानी संपर्क को भारत की सामाजिक मुक्ति के लिये आवश्यक मानते थे। उसके बाद राजनीतिक आजादी का आना लाजमी था।

**व्यक्ति के अधिकारों पर**–भारतीयों में नागरिक अधिकारों के प्रति जागरूकता बनाने वाले राय पहले व्यक्ति थे। वह अंग्रेजों का इसलिये एहसान मानते थे क्योंकि उन्होंने भारतीयों के लिये

उन्होंने भारतीयों के लिये वे सारे अधिकार उपलब्ध कराये, जो इंग्लैंड में महारानी की प्रजा को प्राप्त थे। राय ने नागरिक अधिकारों की कोई फेहरिस्त तो नहीं बनायी, लेकिन शायद उनकी परिकल्पना के नागरिक अधिकारों में ये नागरिक अधिकार शामिल थे। जीवन और स्वतंत्रता का अधिकार, मत रखने और अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता का अधिकार, जायदार का अधिकार, धर्म (अपनी पसंद का) धर्म मानने का अधिकार, इत्यादि।

राय मत और अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता को सबसे अधिक अहमियत देते थे। उनकी दृष्टि में मन और बुद्धि की रचनात्मकता की स्वतंत्रता, और विभिन्न माध्यमों से अपने मत और सोचों की अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता इसमें शामिल थी। राय के अनुसार अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता शासक और शासित दोनों वर्गों के लिये समान रूप से उपयोगी थी। अज्ञानी लोगों से इस बात का कहीं अधिक डर रहता है कि वे शासकों के हरेक काम के प्रति बगावत कर दें, वे अधिकारयों के खिलाफ भी हो सकते हैं। इसके विपरीत प्रबद्ध जनता केवल अधिकारियों द्वारा सत्ता के दुरुपयोग का ही विरोध करेगी, अधिकारयों का नहीं। राय का तर्क था कि स्वतंत्र समाचार पत्र दिये जा सकते हैं जहां समाचार पत्रों की स्वतंत्रता न होने के कारण लोगों की शिकायतों को अधिकारियों तक नहीं पहुँचाया जा सका, नहीं दूर किया जा सका, जिससे स्थिति एक हिसंक, क्रांतिकारी बदलाव के लिये बन गयी। केवल स्वतंत्र और स्वाधीन समाचार पत्र ही सरकार और जनता की अच्छाइयों को उजागर कर सकते हैं।

लेकिन, राय समाचार पत्रों की स्वतंत्रता पर उचित प्रतिबंधों के खिलाफ नहीं थे। वह तो भारतीय समाचार पत्रों पर कुछ अलावा प्रतिबंधों को भी स्वीकार करते थे, जिन्हें इंग्लैंड के समाचार पत्रों पर नहीं लगाया गया था। उनका विश्वास था कि इस तरह के प्रतिबंध यहां इसलिये आवश्यक हैं कि क्योंकि यहां कुछ भारतीयों की तरफ से यह आशंका थी कि वे यहां के लोगों के मन में अंग्रज शासकों के लिये घृणा पैदा कर सकते हैं। राय पड़ोसी दोस्त राज्यों के साथ शत्रुता पैदा करने वाली राजद्रोही किस्म की कोशिशें पर रोक लगाने की दृष्टि से लगाये गये प्रतिबंधों पर सख्त आपति करते थे। उनकी राय में प्रतिबंध मनमाने और इस देश की परिस्थितियों में आवश्यक हैं।

**कानून और न्यायिक प्रशासन पर**–राय का दावा था कि कानून तर्क की सृष्टि है और उसमें भावना के लिये कोई स्थान नहीं। यह शासक का आदेश होता है इसलिये ईस्ट इंडिया कंपनी के बड़े से बड़े अधिकारी में भारत के लिये कानूनों को लागू करने की क्षमता नहीं थी। यह अधिकार केवल संसद में सम्राट को था। यही नहीं, राय का यह भी तर्क था कि इंग्लैंड की संसद को भारत से संबंधित किसी भी विधान को अंतिम रूप देने से पहले इस देश के आर्थिक और बुद्धिजीवी कुलीनों के विचारों को भी ध्यान में रखना चाहिए।

राय ने कानून के संदर्भ में एक और अहम विचार दिया। वह था कानून को संहिताबद्ध करना। शासक और शासितों दोनों के हित में था। उनका सुझाव था कि कानून को संहिताबद्ध करने का काम उन सिद्धांतों को आधार मानकर किया जाये, जो समाज के सभी तबकों और गुटों में समान रूप से हों और सभी उन पर सहमत हों। कानून को संहिताबद्ध करने की प्रक्रिया में इस देश की प्राचीन समय से चला आ रही प्रथाओं को नजरअंदाज नहीं किया जाना चाहिए। बेशक, कवल ऐसी प्रथाओं को लिया जाना चाहिये जो तर्कसंगत हैं और जन साधारण की भलाई के लिये है। इस तरह संहिताबद्ध किया हुआ कानून सरल, स्पष्ट और सही होना चाहिए। संहिताबद्ध कर देने से कानून की विवेचना और भी अवैयक्तिक हो जायेगी और इसे और भी समान रूप से लागू किया जा सकेगा।

**राज्य की कार्यवाही के क्षेत्र पर**–उदारवादी चिंतक होते हुए भी राय का विश्वास अहस्तक्षेप में नहीं था। वह इस बात को कभी स्वीकार नहीं कर सके कि राज्य की कार्यवाही का क्षेत्र केवल राजनीतिक क्षेत्र तक ही सीमित था। अपने लेखों में उन्होंने राज्य के अधिकारियों से बार-बार यह आग्रह किया था कि वे ऐसी कई सामाजिक, नैतिक और सांस्कृतिक जिम्मेदारियों को अपने ऊपर लें जो "राजनीति" की श्रेणी में नहीं आती। वह चाहते थे कि राज्य जमींदारों से किरायेदारों की रक्षा करें। उपयोगी और उदार शिक्षा की व्यवसथा करें, सती जैसी कुप्रथाओं को समाप्त करें और सभी पुरुष दोनों के जीवन रक्षा समान रूप से करें और स्वतंत्रता, समानता, बंधुत्व और सामाजिक न्याय के सिद्धांतों पर आधारित एक नयी सामाजिक व्यवस्था बनायें। राज्य के अनुसार किसी सरकार का होना केवल तभी सार्थक होता है, जब वह अपने मूल कार्मों के अलावा इन सारे कार्यों को भी अंजाम दे।

**शिक्षा पर**–राय का विश्वास था कि जब तक इस देश की शिक्षा व्यवस्था को बिल्कुल बदल नहीं डाला जाता, तब तक इस बात की संभावना नहीं बन सकती कि लोग इतनी सदियों की नींद से जाग उठेंगे। उनकी महत्वाकांक्षा शिक्षा व्यवस्था को बिल्कुल बदल डालने की थी। उनका विश्वास था कि केवल आधुनिक वैज्ञानिक शिक्षा ही भारतीय जनता में नयी जागरूकता और नयी क्षमताएं भर सकती हैं। इस तरह की शिक्षा के बिना भारत में समाज सुधार का काम बहुत कमजोर होगा और देश हमेशा पिछड़ा रहेगा।

**अंतर्राष्ट्रीय सह-अस्तित्व पर**–इस विषय पर राजा राममोजहन राय के विचारों और उनकी भविष्य उन्मुख कल्पना और अंतदृष्टि की अभिव्यक्ति है। उन्होंने अंतर्राष्ट्रीय सह-अस्तित्व की एक सुंदर तस्वीर बनायी है, वह 18वीं सदी के शायद पहले चिंतक थे जिनके पास अंतर्राष्ट्रीयता की सही परिकल्पना थी। यह परिकल्पना (दृष्टि) सार्वभौम धर्म की तलाश करते समय उन्हें मिली होगी। सार्वभौतिकता के भविष्यवक्ता, राय का यह

# Sample Preview of The Chapter

*Published by:*

**NEERAJ PUBLICATIONS**

www.neerajbooks.com

# NEERAJ®

# E.P.S.-3
# आधुनिक भारतीय राजनीतिक चिन्तन
# (MODERN INDIAN POLITICAL THOUGHT)

## BLOCK-1
## सामाजिक व राजनीतिक विचारधारा की पृष्ठभूमि
## (BACKGROUND OF SOCIAL AND POLITICAL THOUGHT)

## 1
## अर्थव्यवस्था और शासन-व्यवस्था में औपनिवेशिक हस्तक्षेप
## (Colonial Intervention in Society, Economy and Polity)

Neeraj Publications www.neerajbooks.com

**प्रश्न 1. ''उपनिवेशवाद'' का अर्थ स्पष्ट करते हुए इसकी विशेषताओं का संक्षिप्त वर्णन कीजिए।**

**उत्तर–उपनिवेशवाद**–साधारण भाषा में उपनिवेशवाद से तात्पर्य एक राष्ट्र देश द्वारा दूसरे देश का राजनीतिक आधिपत्य तथा सामाजिक और आर्थिक शोषण है। अतः उपनिवेशवाद उपनिवेश तथा औपनिवेशिक राष्ट्र की अर्थव्यवस्था का व्यापार और वाणिज्य के द्वारा एकीकरण है तथा इस एकीकरण का लक्ष्य औपनिवेशिक शक्ति की स्वार्थपूर्ति होती है, जिसके लिए वह उपनिवेश का पूर्णतः शोषण करती है।

उपनिवेशवाद की प्रमुख विशेषताएं निम्नलिखित हैं–

– यह दो देशों के बीच राजनीतिक, आर्थिक तथा सामाजिक सम्बन्ध है, जिसमें एक शक्तिशाली राष्ट्र दूसरे राष्ट्र पर अपना आधिपत्य स्थापित करना चाहता है।
– उपनिवेशवाद का दूसरे देश पर राजनीतिक आधिपत्य स्थापित करने का मुख्य उद्देश्य यह होता है कि वह उपनिवेश की अर्थव्यवस्था पर अपना नियंत्रण बनाए रखे तथा उसे इच्छापूर्ति के लिए अपनी इच्छानुसार प्रयोग करे।
– अर्थव्यवस्था पर नियंत्रण व्यापार तथा वाणिज्य के द्वारा स्थापित किया जाता है।
– धीरे-धीरे समाज पर अपना नियंत्रण स्थापित करने का प्रयास किया जाता है। यह प्रयास समाज की जीवन प्रक्रिया, रीति-रिवाज, संस्कृति इत्यादि में हस्तक्षेप करके किया जाता है।
– अर्थव्यवस्था, समाज, शासन-व्यवस्था, संस्कृति, संस्थाओं तथा लोगों के दिमागों पर यह आधिपत्य कई चरणों में होता है।
– प्रत्येक चरण में आधुनिकीरण का स्वरूप भिन्न रहता है, जिसका प्रभाव उपनिवेशवाद की अर्थव्यवस्था, समाज और शासन-व्यवस्था पर भिन्न-भिन्न पड़ता है।
– औपनिवेशिक राष्ट्र की स्वयं की अर्थव्यवस्था, समाज और राजनीतिक परिवर्तनों द्वारा ही ये परिवर्तन आए।

**प्रश्न 2. उपनिवेशवाद के विभिन्न चरणों का संक्षिप्त वर्णन कीजिए।**

**उत्तर**–उपनिवेशवाद का विकास तीन चरणों में हुआ था–

*प्रथम चरण* : व्यापार पर एकाधिकार और राजस्व की चोरी का काल।
*द्वितीय चरण* : व्यापार द्वारा शोषण का काल।
*तृतीय चरण* : विदेशी निवेश और उपनिवेशों के लिए अंतर्राष्ट्रीय प्रतिस्पर्द्धा का काल।

www.neerajbooks.com



इन चरणों का संक्षिप्त विवरण निम्नलिखित हैं–

**(1) प्रथम चरणः व्यापार एकाधिकार और राजस्व चोरी का काल**–प्रथम चरण में उपनिवेशवाद के मुख्य उद्देश्य निम्नलिखित थे–

– इनका सर्वप्रथम उद्देश्य उपनिवेश के व्यापारियों और उत्पादकों पर अपना एकाधिकार स्थापित करना था। इन्होंने स्थानीय उद्योगों का शोषण कर एक प्रकार से उन्हें समाप्त कर दिया था।

– औपनिवेशिक देशी उपनिवेश में अपने किलों की स्थापना कर तथा अपनी सेना इत्यादि रखकर काफी शक्तिशाली बन गए थे तथा इस प्रकार इन्होंने अपनी शक्ति का प्रयोग कर अधिशेष या राजस्व की चोरी को अपना उद्देश्य बना लिया था। औपनिवेशिक राज्य को उपनिवेश पर एकाधिकार बनाए रखने के लिए आर्थिक संसाधनों की आवश्यकता होती थी, इसके अतिरिक्त उपनिवेश के अधिशेष की सीधी चोरी करने के लिए वित्तीय आवश्यकताएँ भी होती थीं ताकि वे उपनिवेश से सामान को खरीद कर अपने देश को भेज सकें। अतः ये इस कार्य के लिए अपने देश से धन न मंगावा कर उपनिवेश से प्रत्यक्ष रूप से चोरी किए गए अधिशेष का प्रयोग करते थे। उपनिवेश में कार्यरत अधिसंख्यक यूरोपीय लोगों ने भी ऊंचे वेतन, रिश्वत आदि के रूप में उपनिवेश के वित्तीय संसाधनों के बहुत बड़े भाग की चोरी की थी।

– इस काल में इन राष्ट्रों ने उपनिवेश में कोई आधारभूत परिवर्तन जैसे कि प्रशासन, न्याय व्यवस्था, शिक्षा तथा बौद्धिक क्षेत्र, संस्कृति इत्यादि में परिवर्तन नहीं किए, केवल सैन्य संगठन तथा राजस्व वसूली के तरीकों में परिवर्तन लाया गया।

**(2) द्वितीय चरण : व्यापार द्वारा शोषण का काल**–इस चरण में औपनिवेशक राष्ट्र का मुख्य उद्देश्य उपनिवेश को व्यवसाय में ऐसा अधीनस्थ सहभागी बनाना था, जो कच्चा माल निर्यात करे और उत्पादों का आयात करे। इसके साथ ही मंहगे दाम पर माल बेचने तथा सस्ते दाम पर खरीदने से व्यापार द्वारा भी उपनिवेश के अधिशेष की चोरी की गई। उपनिवेशों का तत्कालीन आर्थिक, राजनीतिक, प्रशासनिक तथा सांस्कृतिक शोषण संभव नहीं था। अतः यह आवश्यक हो गया कि संरचना को इस प्रकार परिवर्तित किया जाए कि औपनिवेशिक हितों की अभिवृद्धि हो सके। इस उद्देश्य पूर्ति के लिए आर्थिक क्षेत्र में उपनिवेश की अर्थव्यवस्था का विश्व पूंजीवादी अर्थव्यवस्था से इस प्रकार एकीकरण किया गया ताकि औपनिवेशिक राष्ट्रों को अधिकतम लाभ पहुंचे। इसके लिए विदेशी व्यापार तथा उपनिवेश में कारखाने लगाने, परिवहन, व्यापार तथा खनन इत्यादि की सुविधा दी गई। कुछ पूंजीपतियों को उद्योग स्थापित करने की छूट तथा सहयोग भी दिया गया।

इसके अतिरिक्त कृषि सम्बन्धी संरचना में भी इस उद्देश्य से परिवर्तन किया गया कि वहां पूंजीवादी खेती की शुरूआत करके उपनिवेश को एक पुनः उत्पादक देश में बदला जा सके।

इसी प्रकार परिवहन और संचार व्यवस्था को उन्नत बनाने के भी प्रयास किए गए थे।

इस चरण में प्रशासन के क्षेत्र में भी महत्त्वपूर्ण परिवर्तन किए गए और प्रशासन को अधिक व्यापक तथा विस्तृत बनाया गया। नई पश्चिमी पूंजीवादी कानूनी तथा न्याय-व्यवस्था लागू की गई। आधुनिक शिक्षा की शुरुआत की गई, ताकि उपनिवेश की संस्कृति तथा समाज में परिवर्तन लाए जा सकें। शिक्षा के प्रसार का दूसरा उद्देश्य ऐसे लोगों को तैयार करना था, जो अधीनस्थ पदों पर नौकरी कर सकें।

अतः इस चरण में औपनिवेशिक राष्ट्रों को इस प्रकार विकसित करना था ताकि वे औपनिवेशिक अर्थव्यवस्था के अधीनस्थ के रूप में उनकी सहायता कर सकें। अतः यह अर्द्ध-विकास किसी भी इच्छा के परिणामस्वरूप नहीं हुआ, अपितु यह व्यापार के उपनिवेशवाद की कठोर कार्यप्रणाली और उसकी आंतरिक विसंगतियों को न टाले जा सकने वाले प्रभाव के रूप में सामने आया। अतः उपनिवेश में शोषण का सिलसिला अधिक बढ़ गया जो कि तृतीय चरण तक जारी रहा।

**(3) त तीय चरण : विदेशी निवेश और उपनिवेशों के लिए अंतर्राष्ट्रीय प्रतिस्पर्द्धा का काल**–इस चरण में उपनिवेशवाद में कई नए चरण सामने आए :

– कई यूरोपीय देशों, उत्तरी अमेरिका और जापान में औद्योगीकरण का प्रसार।

– उद्योगों में वैज्ञानिक ज्ञान के प्रयोग के परिणामस्वरूप औद्योगीकरण की रफ्तार तेज हो गई थी।

– अंतर्राष्ट्रीय परिवहन के साधनों में तेजी के कारण विश्व बाजार एकीकृत हो गए थे। अब नए, सुरक्षित तथा एकाधिकारी बाजार की खोज के लिए संघर्ष आरम्भ हो गया था। पूंजी का बड़े पैमाने पर निर्यात हुआ और पूंजी निवेश के लिए एकाधिकारी क्षेत्रों की खोज आरम्भ हुई। अब बाजार, कच्चे माल के स्रोत और पूंजी निर्यात तीनों पहलू एक-दूसरे से संबद्ध हो गए थे। साम्राज्यवादी राष्ट्रों के बीच विश्व के विभाजन और पुनर्विभाजन का संघर्ष तीव्र हो गया था और पुराने उपनिवेशों को नए तरीकों से इस्तेमाल किया जाने लगा था।

www.neerajbooks.com

www.neerajbooks.com



पूर्व-प्रचलित अधिशेष चोरी के तरीके इस चरण में भी प्रचलित रहे। अतः राजनीतिक तथा प्रशासनिक दृष्टि से इस चरण में उपनिवेशवाद का मुख्य उद्देश्य उपनिवेश पर अपने नियंत्रण को और अधिक सुदृढ़ बनाना था। इस चरण में उपनिवेश के प्रत्येक क्षेत्र को विश्व अर्थव्यवस्था से जोड़ दिया गया था।

इस चरण में उपनिवेश के स्थानीय लोगों को स्वतंत्रता के लिए प्रशिक्षित करने की बात खत्म हो गई थी, किन्तु अब उपनिवेश में स्वतंत्रता की आवाज तथा आन्दोलन आरम्भ हो गए थे। अतः स्थानीय लोगों को यह विश्वास दिलाया जाता था कि लोग स्वशासन के लिए अयोग्य हैं।

अतः इस चरण में भी तुच्छ उद्देश्यों से उपनिवेश की अर्थव्यवस्था, समाज तथा संस्कृति को पुनर्संगठित करने की प्रक्रिया जारी रही। औपनिवेशिक प्रशासन अब सामाजिक और सांस्कृतिक प्रश्नों के संबंध में तटस्थता का अवलंबन करने लगा था और स्वदेशी संस्थाओं तथा विचारों के संरक्षण के नाम पर उठने वाले सामाजिक तथा सांस्कृतिक विरोधी आंदोलनों का समर्थन करने लगा था।

**प्रश्न 3. भारत के सामाजिक जीवन तथा संस्क ति पर उपनिवेशवाद का क्या प्रभाव पड़ा ?**

**उत्तर**–ब्रिटिश राज के कारण भारत पश्चिमी देशों की संस्कृति तथा विचारों के सम्पर्क में आया। परिणामस्वरूप देशवासियों का परिचय पश्चिम के बुद्धिवाद, मानवतावाद, लोकतंत्र और संप्रभुता जैसे आधुनिक विचारों से हुआ। इन विचारों के प्रभाव से भारतीयों का दृष्टिकोण अपने समाज, अर्थव्यवस्था तथा सरकार के प्रति आलोचनात्मक हो गया तथा वे ब्रिटिश उपनिवेशवाद की प्रवृत्ति को समझने लगे तथा उन्हें अपने अधिकारों का भी ज्ञान हुआ।

अंग्रेजों ने देश में आधुनिक शिक्षा आरम्भ की, जिसने देश में सुशिक्षित वर्ग को जन्म दिया। शिक्षा के द्वारा आधुनिक विचारों का प्रचार प्रसार-अधिक तेजी से हुआ। हालांकि शिक्षा का संगठन तथा पद्धति, प्रकार और विषय-सामग्री आदि इस प्रकार प्रस्तुत की गई थी कि स्थानीय लोगों को प्रशासन के छोटे स्तर के काम करने के लिए तैयार किया जाए। इसके अतिरिक्त शिक्षा का माध्यम अंग्रेजी था, दूसरे छात्रों को विद्यालयों तथा महाविद्यालयों में फीस देनी पड़ती थी। परिणामस्वरूप शिक्षा केवल शहरी क्षेत्रों में उच्च वर्ग के लोगों तक सीमित रह गई थी। शिक्षा का अच्छा प्रभाव यह हुआ कि एक शिक्षित वर्ग विकसित हुआ, जिसने देश तथा समाज की परिस्थितियों को समझा तथा समाज में सुधार लाने तथा स्वंतत्रता प्राप्त करने के लिए संघर्ष आरम्भ कर दिया। नये आर्थिक तथा राजनीतिक जीवन से संबंधित नवीन विचारों तथा अंग्रेजी शासन ने भारतीय जनता के सामाजिक जीवन पर गहरा प्रभाव डाला। यह प्रभाव पहले शहरी क्षेत्रों पर पड़ा तथा बाद में धीरे-धीरे ग्रामीण क्षेत्रों तक फैल गया। आधुनिक उद्योगों, यातायात के नये साधनों, बढ़ते शहरीकरण तथा कारखानों, कार्यालयों, चिकित्सालयों और विद्यालयों में महिला कर्मियों की बढ़ती संख्या के परिणामस्वरूप सामाजिक परिवर्तन को नई दिशा मिली। समाज की कई रूढ़ियों तथा परम्परावादी विचारधाराओं का अन्त हो गया था।

पुरानी भूमि और ग्रामीण सम्बन्धों के सम्पूर्ण विघटन ने देशभर में जातीय संतुलन को अस्त-व्यस्त कर दिया। अतः पूंजीवाद के प्रवेश से धन और लाभ कमाना सामाजिक स्तर का आधार बन गया और ये सामाजिक गतिविधियां सर्वाधिक वांछनीय बन गयीं।

अतः आरम्भ में तो औपनिवेशिक राष्ट्र की नीतियों ने देश में सामाजिक सुधारों को प्रोत्साहित किया तथा देश में आधुनिक विचारों का आरम्भ भी किया। कुछ ईसाई मिशनरियों ने भी समाज में सुधार लाने के प्रयास किए। किन्तु इस सब ने देश की संस्कृति को छिन्न-भिन्न करके रख दिया।

**प्रश्न 4. उपनिवेशवाद का भारतीय अर्थव्यवस्था पर क्या प्रभाव पड़ा ?**

**उत्तर**–उपनिवेशवाद ने भारतीय कृषि, व्यापार तथा उद्योग को अत्यधिक प्रभावित किया है।

**(1) क षि पर प्रभाव**–अंग्रजों ने भारतीय कृषि में कई आधारभूत परिवर्तन किए। उन्होंने खाद्यान फसलों के स्थान पर व्यापारिक कृषि को अधिक प्रोत्साहित किया। इन्होंने 'भू-राजस्व' और 'काश्तकारी' की दो प्रमुख व्यवस्थाएं लागू कीं।

इनमें प्रथम व्यवस्था जमींदारी व्यवस्था तथा दूसरी व्यवस्था रैयतवाड़ी की थी।

इस व्यवस्था के द्वारा भूमि की मालिक एक प्रकार से सरकार बन गई तथा इससे काश्तकार किसानों को काफी हानि उठानी पड़ी। उन्हें ऊंची दर पर लगान अदा करना पड़ता था और सभी व्यवहारिक उद्देश्यों से वे एक किरायेदार की हैसियत से कार्य करते थे। उन्हें बहुत अवैध देयों का भुगतान करना पड़ता था तथा जबरन बेगार भी करनी पड़ती थी। परिणामस्वरूप भारतीय कृषिगत अर्थव्यवस्था पूरी तरह तबाह हो गयी।

इस नई कृषिगत अर्थव्यवस्था ने देश में एक नए वर्ग "साहूकार वर्ग" को शक्तिशाली बना दिया, जिनका कार्य किसानों को धन उधार देना था। ऊंची लगान की दर तथा संग्रह के कठोर तरीकों के कारण किसानों को इन साहूकारों से धन उधार लेना पड़ता था, जिसे चुकाने के लिए उन्हें अपनी फसलें सस्ते दामों पर बेचनी पड़ती थी। इन साहूकारों की न्याय-व्यवस्था तथा प्रशासन के साथ साठ-गांठ होती थी तथा ये सरकार के लिए काफी महत्त्वपूर्ण भी थे, क्योंकि सरकार इनकी मदद से ही राजस्व संग्रहण का कार्य करती थी। अतः जमींदारी तथा रैयतवाड़ी की व्यवस्थाओं के द्वारा भूमि का बड़े पैमाने पर उसके वास्तविक स्वामियों से साहूकारों, सौदागरों, सरकारी कर्मचारियों तथा धनी किसानों के हाथ में हस्तांतरण हो गया था तथा इन सभी ने मिलकर गरीब किसानों की दयनीय स्थिति को और भी बदतर बना दिया था।

www.neerajbooks.com

www.neerajbooks.com



अतः अंग्रेजी राज के कारण कृषि की जो नई संरचना विकसित हुई, उसमें कृषि के विकास की ओर कोई ध्यान नहीं दिया गया। समाज में दो नए वर्गों का जन्म हुआ ऊपरी वर्ग में भू-स्वामी, बिचौलिए तथा साहूकार थे तथा निचले वर्ग में काश्तकार, हिस्सेदार तथा कृषि मजदूर शामिल थे। इस समय में सरकार का पूरा ध्यान केवल राजस्व एकत्रित करने में ही लगा रहा। उन्होंने भारतीय कृषि के विकास तथा समृद्धि के लिए कोई कदम नहीं उठाए।

**(2) व्यापार और उद्योग**–अंग्रेजों के आगमन से भारत में उद्योगों की स्थापना हुई तथा व्यापार को बढ़ावा मिला, किन्तु व्यापार की दिशा तथा लाभ केवल ब्रिटेन तक ही सीमित रहे तथा उद्योग भी वहीं स्थापित हुए, जिनसे अंग्रेजों को लाभ पहुंचे। विदेशी व्यापार की प्रकृति काफी असंतुलित थी, भारत में ब्रिटेन की बनी हुई वस्तुओं का ढेर था तथा देश में ब्रिटेन व अन्य देशों की आवश्यकताओं के अनुरूप कच्चे माल तथा वस्तुओं का उत्पादन तथा निर्यात होता था। इसका देश की आय के वितरण पर भी विपरीत असर हुआ। देश के स्थानीय उद्योग ठप्प हो गए तथा कई शिल्पकार तथा कारीगर बेकार हो गए। शिल्पकारों की बेरोजगारी के कारण वे कृषि की ओर उन्मुख हुए तथा परिणामस्वरूप कृषि पर दबाव अधिक बढ़ गया।

भारतीय विदेशी व्यापार का एक अन्य महत्त्वपूर्ण लक्षण यह था कि निर्यात आयात की अपेक्षा अधिक था, किन्तु यह भारत के हित में नहीं था, क्योंकि इसके द्वारा देश में पूंजी तथा संसाधनों का निकास हो रहा था। विदेशी व्यापार का अधिकांश भाग विदेशी लोगों के हाथ में था तथा अधिकतर व्यापार विदेशी जहाजों के द्वारा ही होता था।

अतः औद्योगिक विकास धीमा तथा विदेशियों के हाथ में तथा उनके हितों के लिए था। इससे भारत को कोई लाभ नहीं हो रहा था।

■

Neeraj Publications
www.neerajbooks.com

www.neerajbooks.com